


हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

सोमवार 20 अप्रैल 2026 वर्ष 02 अंक 107 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में शांति चाहते हैं तो दुसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें। क्योंकि पुरी दुनिया में कारपेट बिछाने से खुद के पैरों में चप्पल पहन लेना अधिक सरल है।

# डीएम–एसपी की उच्चस्तरीय बैठक, अफसरों को कड़े निर्देश

## नालंदा प्रशासन ने बनाई नई रणनीति– संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी निगरानी, अपराधियों पर शिकंजा, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस




**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल के तहत जिले में विधि–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित मामलों, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति, अपराध की वर्तमान प्रवृत्तियों तथा नियंत्रण के लिए अपनाए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिला धावा दल के माध्यम से आरटीपीएस केंद्रों, सदर अस्पताल, निबंधन कार्यालय, खनन विभाग एवं पीडीएस दुकानों पर नियमित छा. पेमारी कर दलालों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही प्रखंड एवं थाना स्तर पर आने वाले आवेदकों के लिए बैठने, पेयजल एवं शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनकी शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने के निर्देश दिए गए।जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन पर भी जोर दिया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत सरकार भवनों को नियमित रूप से क्रियाशील रखने तथा ग्राम स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर जन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी बढ़ाने, गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारियों को शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपट. ारा करने और आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने को कहा।

बैठक में जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार के मामलों पर भी चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों को अपने कार्यों में पूर्ण ईमानदारी एवं पारदर्शिता बरतने तथा भ्रष्टाचार की किसी भी शिकायत पर त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने और समय–समय पर विशेष निगरानी बरतने के निर्देश दिए गए, ताकि जिले में विधि–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके और आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण कायम रहे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), जिला पंचायती राज पदाधिकारी, आईटी मैनेजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# बच्चों में सच बोलने की आदत डालना जरूरी – वंदना श्रीवास्तव

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बच्चों में सच बोलने की आदत डालना जरूरी है। झूठ की प्रवृत्ति से उन्हें दूर रखना चाहिए। ये बातें प्रसिद्ध भोजपुरी चित्रकार वंदना श्रीवास्तव ने रविवार को सिलाव प्रखंड के नेपुरा गांव में बच्चों के समग्र विकास के लिए संस्कार, स्वास्थ्य तथा शिक्षा विषय पर आयोजित व्याख्यान में कहीं। कहा कि अभिभावकों का आचरण ही बच्चों के व्यक्तित्व की आधारशिला बनता है। आज के डिजिटल युग में तकनीक का संतुलित उपयोग बहुत जरूरी है। शिक्षा को बोझ बनाने के बजाय उसे अनुभव का माध्यम बनाना चाहिए। इससे बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच को बढ़ावा मिल सके। बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, खेलकूद, पर्याप्त नींद और मानसिक सजगता जरूरी है। नव नालंदा महाविहार के आचार्य प्रो. परिचय दास ने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में परिवार और समाज की साझा भू. मिका होती है। शिक्षा का असली उद्देश्य केवल साक्षर करना नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और जिम्मेदार मनुष्य बनाना है। वहीं शोध छात्र शिशुपाल ने शिक्षा को किताबी ज्ञान के बजाय जीवन की व्यावहारिक जरूरतों से जोड़ने पर जोर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और उनके बच्चे मौजूद थे।

# नालंदा में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू, जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तेल विपणन कंपनी के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है। जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन औसतन 9,224 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदा. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने और जिले के बैकलॉग 4.3 को घटाकर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि खरमास समाप्त होने के बाद वैवाहिक एवं अन्य कार्यक्रमों में बढ़ोतरी को देखते हुए वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। जिन परिवारों में शादी या अन्य बड़े कार्यक्रम आयोजित होने हैं, वे संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दे सकते हैं। आवेदन के साथ शादी का कार्ड संलग्न करना होगा और आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की संख्या एवं संभावित अतिथियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि उपलब्ध कराए गए वाणिज्यिक गैस सिलेंडर केवल संबंधित कार्यक्रम में ही उपयोग किए जाएंगे।

इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर और सिलाव में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड (21, 22, 23, 24, 25 एवं 44), सिलाव के 6 वार्ड (02, 04, 05, 06, 10 एवं 11) तथा राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों में अब तक लगभग 1,800 उपभोक्ताओं ने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, जिनमें से करीब 1,500 लोगों को कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है, जबकि शेष 302 आवेदकों को जल्द ही कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। प्रतिदिन औसतन 10 नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से पीएनजी कनेक्शन लेने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें महानगरों जैसी सुविधाएं मिल सकें और एलपीजी पर निर्भरता कम हो।उपभ. ोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर–06112–233168) संचालित किया जा रहा है, जहां संपर्क कर लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की जानकारी मिलती है, तो इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम में दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में दोषी व्यक्ति या संस्थान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# मानव मिट्टी का पुतला – सूर्यमणि बहन जी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मानव मिट्टी का पुतला है। यहां इस संसार में परमपिता परमात्मा ने हम मानव को कर्म करने के लिए भेजा है। गीता में भी कहा गया है कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करिए तस ही फल चाखा। ये संसार कर्म प्रधान है, जिसको लोगों ने धर्म प्रधान बना दिया है। ये गलत बात है। ये बातें सूर्यमणि बहन जी ने रविवार को संत निरंकारी मिशन ब्रांच राजगीर में साप्ताहिक सत्संग में कही। कहा कि समय के सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज रहवर के रूप में धरती पर आए हैं। वे मानव को जगाने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर ब्रांच मुखी रामविलास प्रसाद, सेवादल संचालक भीम चौधरी, संचालिका अनिता कुमारी गुप्ता, कैशियर नंदू महात्मा, सेवादल बेबी बहन, रमेश कुमार पान, मुकेश कुमार, रेखा बहन, निर्मला बहन, भोला महात्मा, फूटो बहन, लक्ष्मी देवी, ममता देवी, रीता बहन, सौरभ महात्मा सहित अन्य मौजूद थे।


अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120, 9931609015

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल में कौशल आधारित मूल्यांकन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**केशववाणी रजनीश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** स्थानीय मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा निर्धारित नवीन शैक्षिक दृष्टिकोण के अंतर्गत "Competency Based Assessment (कौशल आधारित मूल्यांकन)" विषय पर एक दिवसीय इन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नालंदा सहोदया क्लस्टर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव आशीष रंजन, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात, डॉ. संजय कुमार, गौसिया परवीन, वेन्यू डायरेक्टर डॉ. रवि चंद कुमार एवं एसटीएनसी दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली से अवगत कराना तथा शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में केवल रटने की प्रवृत्ति से हटकर छात्रों की वास्तविक समझ, कौशल एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास आवश्यक है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सीबीएसई रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात ने 'Competency Based Assessment' की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह मूल्यांकन पद्धति छात्रों के ज्ञान के प्रयोग, समस्या समाधान, आलोचनात्मक चिंतन तथा वास्तविक जीवन स्थितियों में



सीखने की क्षमता पर आधारित होती है।सत्र में पारंपरिक परीक्षा पद्धति से कौशल आधारित मूल्यांकन की ओर बदलाव, स्रोत आधारित एवं अनुप्रयोग आधारित प्रश्नों का निर्माण, फॉर्मेटिव असेसमेंट की भूमिका तथा छात्रों में 21वीं सदी के कौशल जैसे क्रिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने समूह गतिविधियों, प्रश्न निर्माण और प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सक्रिय भागीदारी निभाई तथा अपने अनुभव साझा किए। अंत में वेन्यू डायरेक्टर डॉ. रवि चंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और छात्र बेहतर अधिगम परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डैफोडिल पब्लिक स्कूल, सदर आलम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिहारशरीफ एवं मोहनपुर के कुल 165 शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।



# रेड क्रॉस का साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर, 150 से अधिक मरीजों को मिला निःशुल्क इलाज


**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा श्रम कल्याण केंद्र मैदान स्थित विस्तारित भवन में रविवार को साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया। शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए काफी सहायक साबित हो रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। शिविर में कुल 150 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 40 मरीजों का उपचार किया, जबकि फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार ने 70 मरीजों को परामर्श दिया। हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. सुबोध कुमार ने 25 मरीजों तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 40 मरीजों की जांच की। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि कुमार ने 10 मरीजों का इलाज किया, वहीं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 मरीजों को सेवाएं प्रदान कीं।इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 27 मरीजों का उपचार किया। शिविर में 30 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई। शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार सहित आजीवन सदस्योंकृबृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, चंद्रमणि कुमार, प्रो. स्वधर्म, प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, कुणाल गौरव, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, शंभू कश्यप, साधु श्रम प्रसाद, अरुण कुमार और संजय कुमार ने पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। स्थानीय लोगों ने आयोजन समिति की सेवा भावना और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इसी सामूहिक प्रयास से शिविर सफल हो सका।

# लायंस क्लब ऑफ़ नालंदा के नए शेशन का पदाधिकारी नियुक्त

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार शरीफ शहर के कागजी मोहल्ला में एक निजी सभागार में क्लब के वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार के अध्यक्षता में सदस्यों के द्वारा आम बैठक किया गया जिसमें आने वाले सेशन 2026–27 के लिए सुचारु ढंग से चलाने के लिए पूर्व से घोषित अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष की नियमित घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता (वकील), सचिव डॉ राजीव कुमार (चाइल्ड स्पेशलिस्ट), कोषाध्यक्ष दिवाकर कुमार सिंह (एसबीआई एडवाइजर) को वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार सचिव राज रोशन जी और कोषाध्यक्ष अजय कुमार निराला ने क्लब का पिन और बुके देकर सम्मानित किये। वैसे क्लब का सेशन का शुरुआत 1 जुलाई से किया जाता है,लेकिन नियमानुसार सेशन को चलाने के लिए पूर्व में इसकी घोषणा कर दी जाती है। इस बैठक में जोन चेयरपर्सन रविशंकर कुमार गुप्ता, रीजन



चेयरपर्सन रवि किशोर बरनवाल, डॉ विरमानी कुमार, विवेक कुमार वर्णवाल, राजकमल प्रसाद ,राहुल कांत, मुकेश कुमार मेहता, प्रहलाद कुमार, राकेश कुमार बरनवाल, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, प्रहलाद कुमार, सुशील कुमार, दीपू जी, मनीष माथुर , रंगेश कुमार शर्मा , मोहम्मद काजाफी भाई, एवं अन्य सदस्यों ने अपना अपना गरिमामय उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम आयोजित किए गए, और नए पदाधिकारी द्वारा घोषणा किया गया कि आने वाले किसी भी रूप से सामाजिक सेवा में क्लब हमेशा तत्पर रहेगा।






# नेवारी हटाने के विवाद में ताबड़तोड़ फायरिंग

## पति को बचाने दौड़ी महिला को लगी गोली, भतीजी घायल

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट नूरसराय(नालंदा)।** नूरसराय थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मिल्कीपर गांव में रविवार को खेत में रखे नेवारी (पुआल) को हटाने को लेकर हुआ विवाद अचानक हिंसक रूप ले लिया । आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंगों ने पीड़ित के घर पर चढ़कर ताबड़तोड़ फायरिंग की और मारपीट की। इस दौरान पति को बचाने पहुंची महिला को गोली लग गई, जबकि उसकी भतीजी भी जख्मी हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। घायल महिला की पहचान तिलक गोप की पत्नी दुलारी देवी के रूप में हुई है। उन्हें पेट में गोली लगी है। गंभीर स्थिति उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं, मारपीट में बब्लू गोप की पुत्री डोली कुमारी जख्मी हो गई है । पीड़ित तिलक गोप ने बताया कि गांव के ही प्यारे गोप ने कई महीनों से उनके खेत में नेवारी (पुआल) रख छोड़ा है। इससे उनकी मूंग की फसल को लगातार नुकसान हो रहा था। इसको लेकर वे कई बार आरोपी से पुआल हटाने का आग्रह कर चुके थे, लेकिन हर बार बात टाल दी जाती थी। रविवार की सुबह जब उन्होंने दोबारा पुआल हटाने को कहा, तो आरोपी अपने सहयोगियों के साथ आक्रामक हो गया। आरोप है कि सभी लोग एकजुट होकर तिलक गोप के घर पर चढ़ आए और गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान दहशत फैलाने के लिए दर्जनों राउंड फायरिंग भी की गई। मारपीट के दौरान जब तिलक गोप को बुरी तरह पीटा जा रहा था, तो उनकी पत्नी दुलारी देवी बचाने के लिए आगे बढ़ीं। तभी बदमाशों ने उन पर गोली चला दी, जो उनके पेट में जा लगी।



अचानक गोली चलने और फायरिंग की आवाज से पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। सदर डीएसपी तो संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को भेजा गया था। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।





# धूमधाम से मनायी गयी परशुराम जयंती समारोह

## भक्ति में होती है बड़ी शक्ति – सुधीर कुमार उपाध्याय

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** राजगृह तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति की ओर से रविवार को श्री लक्ष्मी नारायण प्रधान मंदिर में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव ध. ूमधाम से मनाया गया। पूरे धार्मिक भाव व विधि–विधान से पूजन और आरती की गई। पंडा कमेटी के प्रवक्ता सुधीर कुमार उपाध्याय ने कहा कि भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। हम सबों को इसके लिए थोड़ा समय निकालना चाहिए। इससे मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि मलमास मेला का काफी धार्मिक महत्व है। मेला के दौरान तैंतीस कोटि देवी–देवता का राजगीर में ही वास होता है। इस मौके पर पंडा कमेटी के अध्यक्ष निरज उपाध्याय, विकास उपाध्याय, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष ओमकार उपाध्याय, युवा जदयू प्रदेश नेता आशुतोष कुमार पाण्डेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विपीन झा, वरीय सदस्य सुजीत उपाध्याय, रविराज उपाध्याय, महेश उपाध्याय, सुरेन्द्र उपाध्याय, संदीप उपाध्याय, सुमन उपाध्याय, कौशल उपाध्याय, प्रशांत कुमार उर्फ बादल उपाध्याय, रोहित उपाध्याय के साथ अनेक पंडा कमिटी के लोगों ने अगले साल परशुराम जी की जयंती को धूमधाम से मनाने का और परशुराम जी की कुंड परिसर में मूर्ति लगाने का संकल्प लिया। कहा कि विराट शोभायात्रा निक. ालकर भव्य रूप से मनाया जायेगा।

# सुन्दरपुर गांव से निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के सुन्दरपुर गांव में रविवार को श्री श्री 1008 श्री चंडी महायज्ञ सह महारानी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसको लेकर पूरे इलाके में भक्तिमय वातावरण था। जय माता दी के जय घोष गुंजायमान हो रहा था। ढोल–नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें 1111 महिलाओं एवं कन्याओं ने भाग लिया। कलश का पवित्र जल लालबिगहा सूर्य मंदिर स्थित तालाब से लाया गया और विधि–विधान के साथ यज्ञस्थल पर स्थापित किया गया। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि यह नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान अखिल भारतीय मह. ामंडलेश्वर श्री अर्तयामी शरण जी महाराज के सानिध्य में हो रहा है। इस दौरान प्रसिद्ध कथ. ावाचक अनिल जी महाराज बाल व्यास जी, तथा देवी नेहा सरस्वती जी द्वारा प्रवचन किया जायेगा। इसके अलावा स्वामी चितरंजन लाल शर्मा एवं बज्र कला केंद्र रासलीला मंडली द्वारा भगवान वासुदेव के बाल स्वरूप की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर चौबीसों घंटे भंडारे की व्यवस्था की गई है, जहां बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 से अधिक मरीजों का इलाज

## आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को मिली बड़ी राहत

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मंगला स्थान स्थित 57 नंबर पिलर के पास स्थित न्यूरो प्लस हॉस्पिटल में रविवार को न्यूरो स्पेशियलिस्ट डॉ. राजीव कुमार रंजन द्वारा एक नि:शुल्क जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय मरीजों के लिए लगाया गया था, जिसमें लगभग 150 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। शिविर के दौरान करीब 5 से 6 हजार रुपये तक की विभिन्न जांचें पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। इनमें बीएमडी (हड्डियों की मजबूती की जांच), नसों की जांच एवं ब्लड शुगर जांच शामिल रही। डॉ. राजीव कुमार रंजन ने बताया कि शिविर में ब्रेन ट्यूमर, सिर में चोट, लकवा, सिर दर्द, मिर्गी, दिमाग में पानी भरना, रीढ़ की हड्डी में चोट, स्लिप डिस्क, साइटिका, नसों का सुन्नपन, हाथ–पैर में झनझनाहट, कमर दर्द एवं गर्दन दर्द जैसी गंभीर बीमारियों का समुचित इलाज और परामर्श दिया गया।



इलाज कराने आए मरीजों में सेवानिवृत्त डीएसपी हरिवंश प्रसाद, शिवनंदन शर्मा, सर्वोदय नगर निवासी कांति देवी एवं शिक्षक अजय कुमार समेत कई लोगों ने डॉक्टर की सेवा भावना की सराहना की। शिक्षक अजय कुमार ने बताया कि डॉ. रंजन मरीजों को पर्याप्त समय देते हैं, बीमारी के हर पहलू को ध्यान से समझते हैं और फिर सटीक डायग्नोसिस कर उपचार करते हैं, जो उन्हें अन्य डॉक्टरों से अलग बनाता है। मरीजों ने यह भी कहा कि नि:शुल्क इलाज के बावजूद डॉक्टर का व्यवहार और समर्पण बेहद सराहनीय है। वहीं अस्पताल के सभी स्टाफ भी सहयोगी और अनुशासित नजर आए। गौरतलब है कि डीडी होंडा शोरूम के सामने 57 नंबर पिलर के पास स्थित इस अस्पताल में अक्सर मरीजों की भीड़ देखी जाती है। स्थानीय लोगों ने डॉ. राजीव कुमार रंजन की मानवतावादी सोच और सेवा भावना की भूरी–भूरी प्रशंसा की।






# टाउन हॉल में शिक्षकों का सम्मान समारोह, डॉ. दिव्या ज्योति ने किया अभिनंदन

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** टाउन हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में भावी उम्मीदवार डॉ. दिव्या ज्योति ने नालंदा की प्राचीन गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिले के प्रधानाचार्यों एवं गुरुओं को शाल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिले भर से आए प्रतिष्ठित शिक्षक–शिक्षिकाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे टाउन हॉल खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दिव्या ज्योति के सहयोगी चंदन कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल एक झलक है और नालंदा की पावन धरती से शुरू हुआ यह सम्मान कार्यक्रम भविष्य में एक सुनहरे बदलाव का संकेत देता है। समारोह का संचालन कर रहे उद्घोषक ने अपनी लच्छेदार शायरी से उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया और पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मंच पर उपस्थित आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर (बिहारशरीफ) के प्रखर वक्ता अजय कुमार ने डॉ. दिव्या ज्योति की सराहना करते हुए उन्हें महिला समाज की एक ईमानदार और सशक्त प्रतिनिधि बताया तथा सभी से उनके समर्थन की अपील की।



इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रमोली प्रसाद, कुंज बिहारी, कुंजेश, विनय भूषण, राकेश कुमार, जैनेंद्र कुमार, ओंकार देव आर्य, धनंजय कुमार (शेखना के प्राचार्य) सहित कई गणमान्य शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी डॉ. दिव्या ज्योति को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शिक्षा और समाज के विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की।

# सनकी पति ने पीट पीट कर पत्नी की हत्या, 15 दिन पहले छेड़खानी के मामले में जेल से छूट कर आया था घर

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय थाना क्षेत्र के परासी गांव में सनकी पति ने बेरहमी से पीट पीट कर पत्नी की हत्या कर दी । परिवार और मोहल्ले वालों को उसे पर शक ना हो इसलिए उसने सीढ़ी से गिरने का अफवाह फैला दिया। आरोपी पति सात महीने से जेल में बंद था । पिछले 15 दिन पहले नाबालिग से छेड़खानी के मामले में जेल से बेल पर छूट कर घर आया था । मृतका मनीष कुमार उर्फ सूरजभान की 30 वर्षीय पत्नी राखी कुमारी है। मृतका के पिता सिलाव थाना क्षेत्र के करियन्ना निवासी उपेंद्र सिंह ने बताया कि साल 2020 में उन्होंने अपनी पुत्री की शादी कराई थी । 4साढ़े साल की बेटी और ढाई साल का बेटा है । उनका दामाद मायके वाले से अक्सर रुपए की मांग क्या करता था रुपया नहीं देने पर बेटी के साथ मारपीट और प्रताड़ित किया करता था। शनिवार की देर रात पड़ोसियों ने फोन कर जानकारी दिखाई उनकी बच्ची के साथ दामाद ने बेरहमी से पिटाई किया है जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई है और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया है।



आनन फानन में परिवार के सदस्यों के साथ हुए अस्पताल पहुंचे तब तक उसकी जान चली गई थी। पूरे शरीर में जख्म के निशान है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि महिला पीठ पीठ कर हत्या की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# कपड़ा व्यवसायी की मौत के बाद आक्रोशितों ने बस में किया तोड़फोड़

## सोहसराय थाना इलाके में घटना, तकादा कर बाइक से लौटने में हादसा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सोहसराय थाना इलाके में रविवार की शाम सरकारी बस से कुचलकर बाइक सवार कपड़ा व्यवसायी की मौत हो गई। घटना से गुस्साए राहगीरों ने बस पर रोड़ेबाजी कर दी। जिससे बस में सवार यात्रियों में भगदड़ मच गई। लोग बस से निकलकर इधर–उधर भागने लगें। मौका देख चालक–खलासी भी फरार हो गया। मृतक दीपनगर थाना क्षेत्र के जमालीचक गांव निवासी स्व. कृष्णा प्रसाद के 55 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार हैं। परिवार ने बताया कि अजीत सोहसराय में कपड़ा दुकान चलाते थे। करुणा बाग में वह किराया पर रह रहे थे। शाम में वह तकादा कर बाइक से दुकान लौट रहे थे। उसी दौरान बस ने उन्हें कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी की मौत इलाज के दौरान निजी क्लिनिक में हो गई। इधर, घटना से गुस्साए राहगीरों ने बस पर रोड़ेबाजी कर दी। जिससे सवार यात्रियों में भगदड़ मच गई। चालक–खलासी भी मौका देख फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस बस को अभिरक्षा में ले ली। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

# 12 वर्षीय बालक को फोड़ा दोनों आंख, लोगों में भारी आक्रोश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के लोहरा गांव स्थित मुसहरी टोला से एक बेहद गंभीर और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।ज. हां गांव के ही 12 वर्षीय छात्र सन्नी कुमार की दोनों आंख फोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है, जिससे पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों कि माने तो सन्नी कुमार स्थानीय गांव स्थित सरकारी विद्यालय में कक्षा 8वीं का छात्र है। उसके पिता श्रावण कुमार तांती मेहनत–मजदूरी कर होटल में काम करके परिवार का भरण–पोषण करते हैं। सन्नी दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा है। वहीं परिजनों के अनुसार, करीब 15 दिन पहले सन्नी अपने भाई के साथ खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली सुग्गी देवी के बेटे साहिल को खेल–खेल में आंख में हल्की चोट लग गई थी। इसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। आरोप है कि इसका बदला लेने के रंजीश उनके आंख में चल रही थी। जिसमें बीते 17 अप्रैल को सन्नी को अकेला पा कर उसकी भाभी सुग्गी देवी ने अपने पति और अन्य लोगों के साथ मिलकर बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसकी आंख दोनों फोड़ दी। जिसके बाद परिजनों ने घायल सन्नी को तत्काल बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। पटना में भी अब जबाब दे दिया कि इसका आंख वापस नहीं आयेगा। इसके बाद बच्चे को लेकर परिजन गांव पहुंचे गये। रविवार के दोपहर अपने घर पहुंचे। जहां चीख–पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ती गई। इसके बाद किसी ने पुलिस को सूचना दी।तद उपरांत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों को समझाया। जहां तक एक व्यक्ति को उठाकर फिलहाल पुछताछ के लिए थाना भी ले गया है। वहीं इस घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोग ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है आरोपियों की तलाश जारी है।





